स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, मीरजापुर

(वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार-वितरण समारोह २०२१-२२ शुभ अवसर पर प्रस्तुत स्वागत-सम्बोधन एवं प्रगति आख्या)

तपोभूमि भारत के अर्न्तगत जनपद मीरजापुर में गंगा के तट पर ऐतिहासिक नगरी चुनार में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार–मीरजापुर के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह–2021–22 के शुभ अवसर पर सर्वप्रथम परमादरणीय मुख्य अतिथि डॉ0 सुधा पाण्डेय (प्राचार्या– पं0 दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय सेवापुरी, वाराणसी) का सहर्ष हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। आज के समारोह में उपस्थित विशिष्टजन, प्राध्यापकवृंद, शिक्षणेत्तरकर्मी, गणमान्य नागरिक, अभिभावकगण पत्रकार–बन्धु तथा छात्र–छात्राएं आप का भी यथायोग्य स्वागत करता हूँ और शुभकामनाए देता हूँ।

यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा सेवा की एक अद्वितीय उपलब्धि है जो सन् 1997 ई0 से सेवारत है और उच्च शिक्षा में कीर्तिमान स्थापित करता हुआ अग्रसर है। पठन–पाठन, शिक्षणेत्तर क्रिया–कलाप और नकल विहीन परीक्षा के लिए इसका अपना एक खास स्थान है।

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय के स्नातक स्तर पर कला संकाय के आठ विषयों तथा विज्ञान संकाय के पॉच विषयों में तथा वाणिज्य संकाय, साथ ही साथ स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के सात विषयों में तथा विज्ञान संकाय के पॉच विषयों में शिक्षण की व्यवस्था है। यहॉ अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की कुल संख्या–1721 है। यहॉ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय में सभी कक्षाओं में प्रवेश आन–लाईन किया जाता है।

यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव की बात है कि महाविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बेंगलुरू द्वारा बी ग्रेड प्रदान किया गया है। निःसंदेश यह महाविद्यालय के लिए सर्वोत्तम उपलब्धि है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने महाविद्यालय को 2–एफ एवं 12 बी0 की सूची में सम्मिलित है, जिससे महाविद्यालय उक्त आयोग से आर्थिक अनुदान प्राप्त करने हेतु पूर्ण सक्षम हो गया।

महाविद्यालय परिसर पूर्णतः वाई–फाई व्यवस्था से सुसज्जित है और कम्प्यूटर आधारित कार्य प्रणाली की ओर अग्रसर है। आई.क्यू.ए.सी. सेल भी स्थापित है तथा सुचारू रूप से कार्यरत है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के अर्न्तगत राष्ट्रीय उच्चतर शिक्ष अभियान (रूसा) के तहत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये विहित प्रपत्र में निर्देशानुसार महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु विगत वर्षो में प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया था। इससे महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय भवन हेतु रू0–75 लाख की स्वीकृत प्राप्त हुई थी तथा कार्यदायी संस्था आवास विकास निगम द्वारा उक्त वाणिज्य संकाय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान सत्र में वाणिज्य संकाय की मान्यता विश्वविद्यालय से प्राप्त होने के उपरान्त प्रवेश लिया गया और कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ हो चुका है। बी0एड0 विषय के मान्यता हेतु एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली में सफल अपील की गयी है। उम्मीद है कि आगामी सत्र से बी0एड0 कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ हो जायेगा। समाजशास्त्र के असि0 प्रो0 डॉ0 दीप नारायण के प्रस्ताव पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 02 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन की स्वीकृति प्राप्त है जो दिनांक–27 एवं 28 मार्च 2022 को प्रस्तावित है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत स्नातक प्रथम

वर्ष में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के आन्तरिक मूल्यांकन में एक रूपता के दृष्टिगत महाविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा समय सारिणी बनाकर एक साथ आन्तरिक मूल्यांकन की परीक्षाएं सम्पन्न करवायी गयी।

यहॉ विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि रूसा के अर्न्तगत महाविद्यालय में 20 कम्प्यूटर का कम्प्यूटर सेन्टर , लाइब्रेरी आटोमेशन एवं 02 स्मार्ट क्लास का निर्माण/स्थापना किया गया है एवं इस अवस्थापना सुविधाओं का लाभ विद्यार्थीयों को मिल रहा है। वर्तमान सत्र में रूसा मद के अर्न्तगत लगभग 15 लाख के प्रयोगशाला उपकरणों का क्रय किया गया तथा रसायन विज्ञान व्याख्यान कक्ष को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर मिनी सेमिनार हाल का रूप दिया गया है।

महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त कुल 32 प्राध्यापक, 08 शिक्षणेत्तरकर्मी सेवारत है, जबकि बी.एड. संकाय में 01 पद रिक्त है।

महाविद्यालय में अध्ययन–अध्यापन के अतिरिक्त प्रतिभा को समृद्ध करने वाले शिक्षणेत्तर क्रिया–कलापों के अन्तर्गत क्रीड़ा समारोह, अर्न्तमहाविद्यालयी क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग, रोवर्स–रेंजर्स प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, परिषदीय प्रतियोगिताएँ, वाद–विवाद प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यथा विज्ञान संकाय में जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित विभाग द्वारा समसामयिक विषयों पर पोस्टर तथा वाद–विवाद प्रतियोगिता तथा रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसी क्रम में मिशन शक्ति फेस–03 के अन्तर्गत विविध विषयों पर आमंत्रित विशेषज्ञों के कुल 32 आनलाइन बेविनार, 28 परामर्श सत्र, 31 मार्शल आर्ट तथा स्वास्थय विषयक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिस पर डॉ प्रभात कुमार सिंह एवं डा0शेफालिका राय ने एक पुस्तक का भी प्रकाशन करवाया। बदलाव के अभिकर्ता के रूप में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 प्रभात कुमार सिंह, डॉ0 राजेन्द्र कुमार एवं डॉ0 अरविन्द कुमार तथा महाविद्यालय के तीन छात्रो को सम्मानित किया गया। वुमेन पावर एंजल तथा महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रसार व्याख्यान का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 अल्का रानी एसो0 प्रो0–राजनीति विज्ञान विभाग यू0पी0 कालेज वाराणसी ने महिला शशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। यहॉ यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अशर्फी लाल एवं प्राध्यापक डॉ0 सूबेदार यादव, डॉ0 प्रभात कुमार सिंह, डॉ0 नलिनी सिंह तथा डॉ0 शेफालिका राय को मीरजापुर जनपद में आयोजित कार्यक्रम में उनके विशिष्ठ योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस, गॉधी जयन्ती गणतन्त्र दिवस तथा विभिन्न महापुरूषों/वीरांगनाओं के जयन्ती/शहीदी दिवस भी मनाया गया।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा इस महाविद्यालय को शोध केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान किया गया तथा समाजशास्त्र विषय में डॉ0 रजनीश के निर्देशन में दो शोधार्थी तथा हिन्दी में डॉ0 कुसुम लता के निर्देशन में तीन शोधार्थियों का पंजीकरण हुआ है। विश्वविद्यालय परीक्षा 2020–21 में अंग्रेजी की छात्रा अदिती सिंह ने एम0 ए0 अंग्रेजी में विश्वविद्यालय टाप–टेन मेरिट सूची में द्वितीय स्थान पर रहकर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी क्रम में जन्तु विज्ञान की अमृता यादव ने नवॉ स्थान तथा एम0ए0 राजनीति विज्ञान के छात्र प्रदीप कुमार सिंह ने छठवॉ स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय में महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को स्थापित करने का कार्य किया है। महाविद्यालय के समाजशास्त्र के पूर्व छात्र कृष्णानन्द भारती एवं सुस्मिता सिंह ने जून 2021 में आयोजित यू. जी.सी. नेट की परीक्षा उर्त्तीण कर महाविद्यलाय के पठ्न–पाठन को प्रतिस्थापित करने का कार्य किया है।

महाविद्यालय में क्रीड़ा हेतु क्रिकेट, वालीबाल, कैरम बोर्ड, शतरंज, बैडमिन्टन आदि की सुविधायें है जिनसे यहॉ के छात्र–छात्रा लाभान्वित होते रहे है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी द्वारा आयोजित क्रास कन्ट्री दौड़ में महाविद्यालय की छात्रा बबीता कुमारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर

महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है तथा उनका चयन अर्न्तविश्वविद्यालयी प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसी कम में एथलिट्स छात्र अभय पाल ने 10 किलो मीटर दौड़ में रजत पदक, ऊँची कूद आशुतोष कुमार सिंह ने कास्य पदक, 10 किलो मीटर पैदल चाल में प्रीति देवी ने कास्य पदक तथा भाला फेंक प्रतियोगिता में कास्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में महाविद्यालय का गौरव बड़ाने का कार्य किया है। संड़क सुरक्षा कार्यकम के अन्तर्गत महाविद्यालय की छात्रा साक्षी ने मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसके लिए शासन द्वारा रू0–12000 नगद पुरस्कार देकर उसे सम्मानित किया गया। महाविद्यालय इन छात्र–छज्ञत्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कॉमना करता है। वार्षिक कीड़ा समारोह के अन्तर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बबीता कुमारी छात्रा वर्ग तथा अक्षय कुमार छात्र वर्ग में चैम्पियन रहें। जिसका उद्घाटन डॉ0 डी0 के0 सिंह (आई.एम.एस–बी0एच0यू0) तथा समापन श्री अमर देव यादव क्रीड़ा विशेषज्ञ के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स के पांच दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक–18 से 22 फरवरी 2022 तक किया गया जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्या डॉ0 मंजू शर्मा तथा समापन मेरे द्वारा किया गया। इस कार्यकम में स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैली, संगोष्ठी सहित विविध कार्यकमों का आयोजन किया गया । समस्त कार्यकमों का नेतृत्व डॉ0 प्रभात कुमार सिंह एवं डॉ0 नलिनी सिंह ने किया।

महाविद्यालय के विभिन्न प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं ने अभिविन्यास/पुनश्चर्या कार्यकम में भी प्रतिभाग किया।

सत्रपर्यंत मेरा प्रयत्न रहा है कि यह महाविद्यालय सर्वांगीण विकास करे और उन्नत से उन्नत स्थान प्राप्त कर उच्च शिक्षा विभाग का नाम रोशन करें। पुनः एक बार आज के मुख्य अतिथि महोदया एवं सभी का हार्दिक स्वागत अभिन्नदन करता हूँ।

जय हिन्द!

24/03/2022

प्राचार्य

प्राचार्य
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
चुनार, मीरजापुर

22.03.22

(डॉ0 सूबेदार यादव)
संयोजक, आख्या समिति